# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0–............/2026

(i) इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 एवं
(ii) इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा छात्रहित में **(i) इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 एवं (ii) इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026** अलग–अलग आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक वैसे परीक्षार्थी जिनका सूचीकरण तीन शैक्षणिक सत्रों यथा; 2022–24, 2023–25 एवं 2024–26 के लिए मान्य है, वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से समिति के वेबसाइट https://intermediate.biharboardonline.com पर दिनांक 25.03.2026 से 02.04.2026 तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा आवेदन भरने वाले विद्यार्थी का निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। समिति के उक्त वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड है। शिक्षण संस्थान के प्रधान परीक्षा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र विद्यार्थी को उपलब्ध कराऐंगे और उनसे विधिवत् भरा हुआ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति के उक्त वेबसाइट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाइन भरना एवं निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2. उक्त परीक्षाओं हेतु दो अलग–अलग प्रकार के आवेदन पत्र के प्रपत्र यथा; (i) ***"इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026"*** के लिए तथा (ii) ***"इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026"*** के लिए समिति के पोर्टल पर अपलोड किए गए है। उक्त परीक्षाओं के संबंध में अग्रेत्तर कंडिकाओं में उल्लिखित विवरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उपयुक्त प्रपत्र का उपयोग कर परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाना है।

## 3. इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026

**इस परीक्षा में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं:–**

(i) **नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी:–** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, सत्र 2024–26 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के सूचीकृत नियमित/स्वतंत्र कोटि के वैसे विद्यार्थी, जो Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण हैं, परन्तु संबंधित शिक्षण संस्थान में उनके द्वारा परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के बावजूद शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य अपरिहार्य कारणवश इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 हेतु उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और जिसके कारण विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को, अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए, **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026** में नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होंगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

(ii) **पूर्ववर्ती (Ex-Student) कोटि के परीक्षार्थी:–** सत्र 2022–24 अथवा 2023–25 के लिए सूचीकृत वैसे विद्यार्थी, जो परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहे हों और इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा,

2026 में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते थे, परन्तु शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य कारणवश उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत एवं Sent up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को, अपवादस्वरूप विशेष मौका देते, हुए **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026** में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

(iii) **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में:**–इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 के वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश उक्त परीक्षा में अपने एक अथवा एक से अधिक अथवा सभी विषयों की सैद्धान्तिक अथवा/और प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहें हों, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026** में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थियों की सैद्धान्तिक के साथ–साथ प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

नोटः–इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में अधिकतम 2 (दो) विषयो की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थी यदि चाहे तो इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में भी सम्मिलित हो सकते हैं, जिसका विवरण आगामी कंडिका 4 (i) में दिया गया है।

(iv) **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 में समुन्नत कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के संबंध में** :–इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025/इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025 में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहते थे, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया हो और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे परीक्षार्थी **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026** में समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों (प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक), जिसमें वे उत्तीर्ण हैं, की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे। ऐसे परीक्षार्थी वर्ष 2027 की वार्षिक परीक्षा में सम्मुन्नत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं।

(v) इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 में क्वालिफाईंग (Qualifying) कोटि के परीक्षार्थी के संबंध में:–बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो किसी एक अनुत्तीर्ण विषय अथवा जो उनके द्वारा पूर्व में नहीं रखे गए हों, में उत्तीर्णता प्राप्त करने हेतु इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहते थे, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया हो और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे परीक्षार्थी **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026** में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु कक्षा में उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी, किन्तु प्रायोगिक परीक्षा वाले विषय (संगीत एवं गृह विज्ञान को छोड़कर) में उसे न्यूनतम 01 (एक) वर्ष के प्रायोगिक कार्य का पाठ्यक्रम शिक्षण संस्थान में पूर्ण किया होना अनिवार्य है। इस कोटि के परीक्षार्थी के प्रायोगिक विषय की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

## 4. इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026

**इस परीक्षा में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं:–**

(i) इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थी को कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के संबंध में:– इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित रहने वाले वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश अधिकतम दो विषयों की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित रहें हों, उन्हें **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026** में उन अनुपस्थित अधिकतम दो विषयों की परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2026 में ली गयी प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगी। वार्षिक परीक्षा, 2026 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं।

नोट:–ऐसे परीक्षार्थी उपर्युक्त कंडिका–3 (iii) के आलोक में **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026** में भी सभी विषयों की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं।

(ii) वैसे विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होकर 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है, तो वे पहले अवसर का लाभ लेकर **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026** में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में उस अनुत्तीर्ण विषय/विषयों (अधिकतम दो विषय) की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। वे अगले वर्ष फरवरी/मार्च में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा, 2027 में दूसरे तथा अप्रील/मई 2027 में संभावित कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2027 में तीसरे व अंतिम अवसर का लाभ ले सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय की परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2026 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थियों को श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय नहीं होगी। वार्षिक परीक्षा, 2026 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं।

(iii) वैसे विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होकर 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है तथा यदि वे पहले अवसर का लाभ लेकर इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2025 में अथवा/तथा दूसरे अवसर का लाभ लेकर इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहे हों, तो वे तीसरे अवसर का लाभ लेकर **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026** में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में उस अनुत्तीर्ण विषय/विषयों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2025 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थियों को श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होंगी। वार्षिक परीक्षा, 2025 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे।

(iv) 2023–25 के लिए सूचीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2025 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे हों, वे

द्वितीय अवसर का लाभ लेते हुए शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

5. उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण कतिपय परीक्षार्थी द्वारा अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (स्क्रूटिनी) हेतु ऑनलाइन आवेदन भरा जाता है। साथ ही वे कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भी अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से भर देते हैं। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि **यदि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण कोई विद्यार्थी स्क्रूटनी हेतु आवेदन किए जाने के साथ–साथ इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2026 में भी सम्मिलित होता है और स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप वर्द्धित प्राप्तांक के आधार पर वह परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त कर लेता है तो उस विद्यार्थी का इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल ही मान्य होगा, न कि इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल।**

6. **अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों के पूर्ववर्ती (Ex) विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के संबंध में :–** सत्र 2024–26 से राज्य के अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों में इन्टरमीडिएट स्तर की पठन–पाठन/नामांकन समाप्त कर दिया गया है। फलतः ऐसे संस्थानों में इन्टरमीडिएट के सत्र 2024–26 के लिए नामांकन नहीं हुआ है, किन्तु उक्त संस्थानों में नामांकित सत्र 2024–26 के पूर्व के सत्रों के पात्र विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित शुल्क उन्ही अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों के माध्यम से जमा किया जाएगा। अर्थात अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालयों के सूचीकृत पूर्ववर्ती (Ex) पात्र विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित शुल्क संबंधित अंगीभूत/डिग्री महाविद्यालय द्वारा पूर्व में उन्हें प्रेषित यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर जमा किया जाएगा।

7. सत्र 2022–24 से राज्य के चिन्हित +2 विद्यालयों में कतिपय व्यावसायिक ट्रेडों यथा–सुरक्षा (Security), ब्यूटिशियन (Beautician), टूरिज्म (Tourism), रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), ऑटोमोबाईल (Automobile), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) एवं आई०टी०/आई०टीज० (IT/ITes) का पठन–पाठन प्रारंभ किया गया है। जिन विद्यार्थियों के द्वारा उपर्युक्त व्यावसायिक ट्रेडों में से किसी ट्रेड का चयन किया गया है, यदि वे इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में 02 (दो) अनिवार्य विषयों, 03 (तीन) ऐच्छिक विषयों तथा व्यावसायिक ट्रेड के 01 (एक) विषय को मिलाकर अर्थात कुल 06 (छः) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण रहे हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है, तो वे इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2026 में ली गयी प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा, 2026 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होंगी। वार्षिक परीक्षा, 2026 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। अधिकतम दो विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षा, 2026 में अनुपस्थित **परीक्षार्थी** उपर्युक्त कंडिका–3 (iii) के आलोक में इन्टरमीडिएट **विशेष परीक्षा, 2026** में सभी विषयों की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं। जिस विद्यार्थी के द्वारा व्यावसायिक ट्रेड का चयन किया गया है, उस विद्यार्थी को चयनित व्यावसायिक ट्रेड की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा उसका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित होगा।

8. +2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी को इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित कराने के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किया गया हो, तो वैसे शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/विद्यार्थी न्यायादेश की छाया प्रति के साथ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) के कार्यालय में **दिनांक 02.04.2026 को** अनिवार्य रूप से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि न्यायादेश के आलोक में यथा-उपर्युक्त कार्रवाई की जा सके। उक्त निर्धारित तिथि को यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/विद्यार्थी द्वारा इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो उनका दावा मान्य नहीं होगा और इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित शिक्षण संस्थान/विद्यार्थी की होगी।

9. **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026/ इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 हेतु परीक्षार्थी से लिए जाने वाले निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण :–**

| मद | प्रति परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र का शुल्क | रु0 150/– |
| परीक्षा शुल्क | रु0 260/– |
| लोकल लेवी | रु0 480/– |
| अंक–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| औपबंधिक प्रमाण–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| ऑनलाइन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाइन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | रु0 30/– |
| **ऑनलाइन शुल्क सहित कुल परीक्षा एवं अन्य शुल्क** | **रु0 1430/–** |
| कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के समुन्नत एवं क्वालिफाइंग परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रु0 340/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रु0 340/– |
| सिर्फ व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी के लिए व्यावहारिक परीक्षा शुल्क | रु0 400/– |

**विभिन्न कोटि के परीक्षार्थी के लिए कुल निर्धारित शुल्क विवरण:–**

| परीक्षार्थी की कोटि | मद | समिति के खाते में जमा करने हेतु प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला ऑनलाइन शुल्क (जो संस्थान द्वारा रखा जाएगा) | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| नियमित/स्वतंत्र, पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथम बार आवेदन भरेंगे) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1400/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1430/– |
| समुन्नत एवं क्वालिफाइंग परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित) | रू० 1740/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1770/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1800/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1830/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 2140/– मात्र | रू० 30/– | रू० 2170/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1460/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/– | रू० 1490/– |
| पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1060/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/– | रू० 1090/– |
| कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 930/– मात्र<br>1. चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है।<br>2. परीक्षा शुल्क का मात्र 50% (प्रतिशत) ही देय है। | रू० 30/– | रू० 960/– |

नोट:(1) **ऑनलाइन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाइन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल/प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

(2) इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा शुल्क रु0 260/– (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है, चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

10. परीक्षा आवेदन पत्र में यथा–निर्दिष्ट सभी स्तंभों में अपेक्षित विवरणों को पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न

रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे। ***"इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026"*** एवं ***"इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026"*** के लिए अलग–अलग अपलोड प्रपत्र में से उपयुक्त प्रपत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

**11. सत्र 2024–26 के इन्टरमीडिएट के वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण प्रमाण पत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं है, को इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**12. समिति के पोर्टल पर परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से भरे जाने की प्रक्रियाः**–विगत कई वर्षो में कुछ विद्यार्थियों का सूचीकरण/परीक्षा आवेदन भरने के उपरांत निर्धारित शुल्क कतिपय शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जमा नहीं किए गए हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसके कारण कई विद्यार्थियों का परीक्षाफल काफी अधिक समय तक लंबित रहता है, जो उचित नहीं है। **इसलिए इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 से यह प्रावधान किया गया है कि जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उतने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित शुल्क शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा प्रथमतः जमा किया जाएगा। इसके उपरांत ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगाः–**

(i) समिति का पोर्टल **https://intermediate.biharboardonline.com** खोलेंगे।

⬇

(ii) तत्पश्चात Click Here For Intermediate Compartmental And Special Examination, 2026 पर क्लिक करेंगे।

⬇

(iii) क्लिक करने के उपरांत शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर कॉलेज/+2 स्कूल को लॉग–इन करेंगे।

⬇

(iv) लॉग–इन करने के उपरांत Exam Module पर क्लिक करेंगे तथा उसके बाद Exam Form पर क्लिक करेंगे।

⬇

(v) Exam Form में Make Payment पर क्लिक करेंगे तत्पश्चात Faculty (संकाय) तथा Category (Regular/Private/Ex/Improvement/Compartmental/Qualifying) का चयन कर उन्ही छात्रों का Payment करेंगे, जिनका परीक्षा फार्म भरना हों

⬇

(vi) Payment करने के उपरांत Exam Form/Payment Status पर जाएँगे, जिस आवेदन का Payment Success होगा, उसका ही Exam Form का Edit/View Option दिखेगा। तत्पश्चात Edit/View Option पर जाकर Verify करते हुए Exam Form सबमिट करेंगे।

13. ऐसे परीक्षार्थी, जिनका इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में परीक्षा शुल्क ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन अंतिम रूप से नहीं भरा गया है और वे इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित हो, तो वैसे परीक्षार्थी, अगर इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते है, तो उनका जमा परीक्षा शुल्क समायोजित किया जाएगा।
*नोटः–जिस परीक्षार्थी का Registration/Examination Form भरे जाने के मद में निर्धारित शुल्क जमा होगा/रहेगा, उसका ही Examination Form का Edit/View Option दिखाई देगा।*

14. इन्टरमीडिएट परीक्षा हेतु सूचीकृत विद्यार्थियों का Unique Id के साथ सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इन विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि किसी विद्यार्थी का Unique Id के बिना परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाए, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाइल नम्बर

एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाना है। जिन विद्यार्थियों का मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाएगा, उन विद्यार्थियों को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० पर मिलती रहेगी।

15. **रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** :– पूर्ववर्ती सत्र के जिस विद्यार्थी का इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 / इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–

Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो। (400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।

Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm

Background :- Plain White or Light Green

**(ii)** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

16. **परीक्षा शुल्क भुगतान के संबंध में** :–परीक्षा शुल्क का भुगतान इंडियन बैंक अथवा HDFC Bank के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग तथा RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

17. उपर्युक्त के अनुसार शिक्षण संस्थान के प्रधान दिनांक– **25.03.2026 से 02.04.2026 तक** की अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरना एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

18. **जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई**:–जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें विद्यार्थी को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी नियमों से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निदेशित करेंगे।

19. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्प लाइन 0612–2230039 अथवा E-mail Id:bsebinterhelpdesk@gmail.com पर सूचित करके समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

20. अतः अनुरोध है कि विशेष प्राथमिकता देते हुए पूरी सतर्कता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2026 / इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सही अभ्यर्थित्व वाले विद्यार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरवाने एवं शुल्क जमा करवाने की सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति